## गुस्ताखी माफ

पढ़-लिखकर कितने युवा, भटक रहे बेकार।
सामाजिक बदलाव का, यह कैसा आधार।
यह कैसा आधार, भला यह कैसी शिक्षा।
पड़े मांगनी जहां, जॉब की जाकर भिक्षा।
कह साहिल कविराय, नहीं गुण गायें इतने।
भटक रहे बेकार, युवा ना जाने कितने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



VOL: 11 | ISSUE 214 | TUESDAY 11-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# बढ़ते जमीनों के दामों ने बदले लोगों के ईमान, करोड़ों की ठगी के आरोपों में गोयम सक्यू के प्रमोटर सहित कइयों पर FIR

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। लुधियाना के साउदर्न बाइपास और साउथ सिटी रोड पर जमीनों के बढ़ते बनावटी दामों की वजह से लोगों ने अपना ईमान तक दांव पर लगा दिए हैं। यूटर्न टाइम अखबार की और से पहले ही प्रॉपर्टियों के चक्कर में लोगों के ईमान डगमगाने की खबरें प्रकाशित की गई थी। लेकिन अब ऐसा ही एक नया मामला देखने को मिला है, जो इस उदाहरण पर फीट बैठता है। दरअसल, देश के नामी एक्सपोर्टर की और से पहले एक प्रॉपर्टी का सौदा कर लिया गया, बल्कि बयानें के तौर पर 8 से 10 करोड़ रुपए भी ले लिए। बयाना होने के बावजूद उक्त जमीन आगे किसी और को बेच डाली। करोड़ों रुपए की ठगी होने के बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। जिसके चलते थाना लाडोवाल की पुलिस द्वारा कारोबारी डिंपी मित्तल की शिकायत पर गोयम स्क्रू के मालिक विनोद जैन समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस ठगी में एनआरआई मोहिंदर सिंह सोहल परिवार के लोग भी शामिल है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। हालांकि इस ठगी के बाद यह बात सही साबित होती है कि प्रॉपर्टी और पैसे को देखकर लोगों के ईमान कब बदल जाए, यह कहां नहीं जा सकता। लेकिन यह बात पक्की है कि पैसा देख बड़ों बड़ों के पांव डगमगा जाते हैं।



आरोपी विनोद जैन




## देश के नामी एक्सपोर्टर है मुख्य आरोपी

बता दें कि कारोबारी डिंपल मित्तल की शिकायत पर जिस कारोबारी विनोद जैन पर मामला दर्ज हुआ, वे शहर नहीं बल्कि देश के नामी एक्सपोर्टर है। वे ऑयल एक्सपेलर एक्सपोर्टर है। जबकि वे गोयम स्क्रू के मालिक है। उनका भारी मात्रा में एक्सपोर्ट का बिजनेस है। लुधियाना के चुनिंदा नामी घरानों में उनका नाम शामिल है।

## सस्ती जमीनों की तरफ बढ़ा लोगों का रुझान

कोविड के दौरान जिस प्रति एकड़ जमीन का रेट दो करोड़ रुपए था, आज उसी जमीन के 20 से 25 करोड़ रुपए मांगे जा रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक इतनी महंगी जमीन लेकर आरओआई भी नहीं निकल सकती। ऐसे में उसे लेने का फायदा नहीं है। फिरोजपुर रोड और साउदर्न बाइपास तक इस बनावटी तेजी के कारण जमीनी सत्र पर मंदी आ चुकी है। यह मंदी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते अब लोगों द्वारा सस्ती एरिया में जमीनें खरीदनी शुरू कर दी गई है। पिछले कुछ समय के दौरान लोगों को रुझान सस्ती जमीनों के लिए दूसरे इलाकों में ज्यादा देखने को मिल रहा है।

## बनावटी तेजी के कारण हो रही ठगियां

चर्चा है कि साउदर्न बाइपास, साउथ सिटी रोड और फिरोजपुर रोड पर चुनिंदा लोगों द्वारा जमीनों के रेटों में बनावटी तेजी लाई गई है। इस कास्मेटिक तेजी के कारण लोगों के ईमान बदल रहे हैं। टेपोरेरी दामों की वजह से लोग लगातार फ्रॉड करने में लगे हुए हैं। चर्चा है कि आने वाले दिनों में इस बनावटी तेजी के कारण और भी ठगी के मामले सामने आ सकते हैं।



लुधियाना में बढ़ते जमीनों के रेट से डगमगाने लगे लोगों के पांव

शहर के नामी कारोबारी परिवार में जमीन को लेकर विवाद शुरू, कई राजनेता भी शामिल

जैनपुर व मलकपुर में मौजूद है जमीन

आपसी मिलीभगत से हेरफेर के आरोप

राजनेताओं की परिवार को शह

जमीन खरीदने वाला खुद होगा जिम्मेदार

परिवार की सभी जमीनों पर बोर्ड लगवा दिए हैं। जिस पर लिखा है कि इन जमीनों के कोर्ट केस चल रहे हैं। जिसके चलते इसे कोई न खरीदें। चर्चाएं हैं कि इस मामले में कई राजनेता भी शामिल हैं।

9 फरवरी 2026 को यूटर्न द्वारा प्रकाशित की गई खबर

## हाईप्रोफाइल केस होने के चलते गोपनीय रखा गया

चर्चा है कि यह केस काफी हाईप्रोफाइल है, जिसके चलते इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा गया। दरअसल, इस मामले में कई बड़े लोग शामिल होने के चलते मामला काफी संवेदनशील था। सूत्रों के मुताबिक यह एफआईआर जांच के बाद दर्ज की गई है। पूरा मामला हाईप्रोफाइल होने के चलते उच्च अधिकारियों को यकीन में लेकर कार्रवाई की गई है। इसी लिए इन्वेस्टिगेशन से लेकर एफआईआर तक पूरे मामले को गोपनीय रखा गया।

## यूएसए बेस्ड दो एनआरआई भी है ठगी में शामिल

चर्चा है कि इस एफआईआर में विनोद जैन, नरेश जैन दुग्गर के अलावा यूएसए बेस्ड एनआरआई मोहिंदर सिंह सोहल परिवार भी शामिल है। जिनकी और से जमीनीं खरीदी गई है। आरोपियों द्वारा साउदर्न बाइपास के पास ही शिकायतकर्ता डीम्पी मित्तल को जमीन दिखाई गई थी। जिसके बाद बयाना करते हुए 8 से 10 करोड़ रुपए भी ले लिए गए। बाद में रजिस्ट्री कराने के लिए टाल मटोल शुरू कर दी गई। इस बीच आरोपियों ने वहीं जमीन आगे किसी और को बेच दी। शक होने पर जब शिकायतकर्ता ने अपने सत्र पर जांच की तो उसे ठगी का पता चला।

## नाबालिग से एक साल तक अश्लील हरकतों का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

खरड़/यूटर्न/10 अगस्त। नाबालिग बच्ची से करीब एक साल तक कथित तौर पर अश्लील हरकतें करने और उसे डराकर चुप कराने के मामले में थाना सदर खरड़ पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने नामजद आरोपी सुरमुख सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में बच्ची के पिता ने बताया कि उसकी पहली शादी वर्ष 2014 में हुई थी।

करीब पांच साल बाद दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से उसकी 12 वर्षीय बेटी है। इसके बाद उसने वर्ष 2017 में दूसरी शादी की, जिससे एक और बेटी है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बड़ी बेटी पिछले कुछ समय से काफी सहमी और डरी हुई रहती थी।




# दिल्ली सरकार के 90 करोड़ के टेंडर की कीमत और शर्तों पर घमासान ; राजनितिक दलों ने विधानसभा के बाहर साइकिल पर किया प्रदर्शन



नई दिल्ली/यूटर्न/10 अगस्त। दिल्ली में करीब 90 करोड़ रुपये की साइकिल खरीद को लेकर साइकिल कंपनियों के बीच शुरू हुई कारोबारी प्रतिस्पर्धा अब राजनीतिक मुद्दे में बदल गई है। टेंडर की शर्तों और साइकिलों की खरीद कीमत पर सवाल उठाते हुए सौरभ भारद्वाज अपने समर्थकों के साथ साइकिल पर दिल्ली विधानसभा पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पूछा कि करीब 1.30 लाख साइकिलों की खरीद किस दर पर, किन शर्तों और किस प्रक्रिया के तहत की गई। इस पूरे विवाद में एसके बाइक्स द्वारा बोली प्रक्रिया शुरू होने से पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संबंधित विभाग को भेजा गया लिखित निवेदन अब बहस और विपक्ष के लिए अहम मुद्दा बन गया है। गौरतलब है कि कंपनी ने टेंडर के लिए निर्धारित 360 करोड़ रुपये के टर्नओवर की शर्त को घटाकर 300 करोड़ रुपये करने का अनुरोध किया था, ताकि उसे भी बोली प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिल सके। निवेदन में कंपनी ने दावा किया था कि यदि उसे टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने का मौका मिलता तो वह टेंडर में मांगी गई साइकिल अपने ब्रांड के तहत करीब 4,100 रुपये प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध कराने को तैयार थी। दूसरी तरफ सरकारी खरीद की दर करीब 6,957 रुपये प्रति साइकिल बताए जाने के बाद दोनों कीमतों के बीच करीब 2,800 रुपये का अंतर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है। इसी अंतर को लेकर सौरभ भारद्वाज और उनके समर्थकों ने विधानसभा के बाहर साइकिल प्रदर्शन के जरिए सरकार से जवाब मांगा। उनका सवाल है कि यदि कम कीमत पर साइकिल उपलब्ध कराने का लिखित प्रस्ताव पहले से सरकार और संबंधित विभाग के पास था तो उस पर क्या निर्णय लिया गया और कंपनी की टर्नओवर शर्त घटाने की मांग को किस आधार पर स्वीकार या अस्वीकार किया गया। अब मामला केवल साइकिल की कीमत तक सीमित नहीं रह गया है। टेंडर की निर्धारित शर्तें, प्रतिस्पर्धा में शामिल कंपनियां, सफल बोलीदाता के चयन का आधार और अंतिम खरीद दर—सभी सवाल राजनीतिक बहस का हिस्सा बन चुके हैं।

बड़ी बात यह भी है की टेंडर में बिड करने वाली अन्य दोनों साईकिल निमार्ता कंपनी एवन साईकिल और हीरो इकोटेक टेंडर बिडिंग में एक सामान्य डीलर माटा स्पोर्ट्स से महंगी कैसे रही हालांकि एसके बाइक्स के दावे और दोनों साइकिलों की तकनीकी समानता का अंतिम आकलन टेंडर दस्तावेजों, स्पेसिफिकेशन और आधिकारिक खरीद रिकॉर्ड से ही हो सकेगा।

# राजपूत समाज एकता मंच की तरफ से स्वतंत्रता दिवस पर निशुल्क मैडिकल कैंप व ध्वजारोहण 15 अगस्त को



लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। राजपूत समाज एकता मंच की तरफ से स्वतंत्रा दिवस समारोह एवम निशुल्क मैडिकल कैंप 15 अगस्त को स्थानीय गियासपुरा स्थित राजीव गांधी कम्पयूटर सैंटर में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष डिंपल राणा बौतर मुख्यतिथि शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी राजपूत समाज एकता मंच के अध्यक्ष लव्ली राजपूत ने डिंपल राणा सहित अनिल ठाकुर, राजेश रत्न भारद्वाज व अमित डोगरा को समारोह का निमंत्रण देने के उपरांत दी। मैडिकल कैंप की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा इस दौरान आंखो, दांतो,मैडिसन के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम प्रात 9 बजे से 5 बजे तक मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित करेगी। जिसके बाद डिंपल राणा ध्वजारोहण करेगें। इस अवसर पर मलकीत सिंह, नरेश कुमार, धर्मपाल सिंह, गगन कुमार, दविन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल व लैब डेंगू की जांच पर नहीं ले सकते मनचाहे दाम

## सरकार तय कर चुकी है डेंगू टेस्ट टेस्ट की फीस 600 में

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। डेंगू का सीजन शुरू हो चुका है लोगों में बीमारी के डर के अलावा उस पर होने वाला खर्च भी परेशान कर रहा है क्योंकि अस्पतालों में मरीजों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। कुछ वर्ष पहले राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रदेश में सभी निजी अस्पताल व लैब डेंगू बुखार की जांच के लिए मनमाने दामों पर रोक लगाने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था और लोगों की मांग पर सरकार ने डेंगू की जांच के लिए टैस्ट की फीस 600 रुपए फिक्स कर दी थी। यह जांच मैक एलिजा व डेंगू एटींजन एन.एस. वन टैस्ट के लिए निर्धारित की गई थी जबकि कार्ड द्वारा 50 रुपए से अधिक नहीं लिए जा सकेंगे। उल्लेखनीय गत वर्ष सितम्बर माह में डेंगू के बेशुमार संदिग्ध मामलों के सामने आने पर राज्य के कई जिलों से ऐसी शिकायतें सामने आई जिस पर राज्य की तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव ने नोटीफिकेशन जारी कर उक्त रेट लागू किए थे।




पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इसी नोटीफिकेशन जो 9/9/2016 को जारी किया गया था, को लागू होने की घोषणा करते हुए कहा कि सभी जिलों में सिविल सर्जन अपने अधीन आती सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के अलावा निजी अस्पताल तथा सरकारी व प्राइवेट लैब प्रबंधकों ने इन निदेर्शो के प्रति अवगत करवाने को कहा था तथा नोटीफिकेशन में दर्शाए निदेर्शो की पालना करने को कहा गया और इस संबंध में की गई कार्रवाई को स्वास्थ्य निदेशक के कार्यालय को अवगत करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी इन निदेर्शो से निजी अस्पताल व लैब वाले नाखुश दशार्ते नजर आए। इससे पहले लोगों से डेंगू जांच के नाम पर अस्पतालों द्वारा 1800 से 2500 रुपए तक वसूलने की शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को मिली थीं। अब प्लेटलैट जांच के लिए 150 रुपए कम-से-कम लिए जा रहे थे।

**नोटिफिकेशन के प्रति अस्पतालों को जागरूक नहीं कर रहा स्वास्थ्य विभाग**

नोटिफिकेशन लागू होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर वर्ष डेंगू सीजन शुरू होने के समय एक परिपत्र द्वारा मुक्त नोटिस का हवाला देते हुए अस्पतालों को जागरूक किया जाता रहा है परंतु पिछले कुछ वर्षो में स्वास्थ्य विभाग में इस पर चुप्पी धारण कर ली जिससे अस्पताल और लैब वालों के होसले फिर से बुलंद हो गये। बताया जाता है कि उक्त नोटिफिकेशन में सिंगल डोनर प्लेटलेट तथा रेंडम डोनर प्लेटलेट के लिए भी दाम निर्धारित किए गए।

**सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच है मुफ्त** ...सिविल सर्जन डॉ रमनदीप कौर ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच नि:शुल्क की जा रही है और डेंगू का उपचार भी निशुल्क किया जाता है। उन्होंने कहा कि मैकएलिजा व एन. एस. वन टैस्टों से की गई डेंगू की जांच ही मान्य होगी। रैपिड टैस्ट से की गई जांच मान्य नहीं होगी। इस सिलसिले में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन ही मान्य होगी।

**डेंगू जांच की अधिक फीस पर करें सूचित, होगी कार्रवाई**

दूसरी ओर चंडीगढ़ में बैठे उच्च अधिकारियों ने कहा कि डेंगू की जांच के नाम पर अगर कोई अस्पताल अथवा निजी लैब 600 रुपए से अधिक पैसे मांगे तो सिविल सर्जन कार्यलय में सूचित करें अथवा 104 नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। आरोपी पाए जाने वाले अस्पतालों व लैब प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सीजीसी झंझेड़ी की प्रोफेसर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

खरड़। सीजीसी झंझेड़ी में प्रोफेसर के तौर पर ड्यूटी करने वाली 25 वर्षीय युवती ने खूनीमाजरा स्थित किराये के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अंकिता ठाकुर निवासी जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना सदर खरड़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस को दिए बयान में मृतका के भाई अरुण कुमार निवासी आसा मुजेरी, थाना बरमाणा, जिला बिलासपुर ने बताया कि उसकी बहन अंकिता ठाकुर सेक्टर-115 स्थित अंबिका एन्क्लेव, खूनीमाजरा में अपनी कजिन अदिति के साथ किराये के मकान में रहती थी। अदिति पढ़ाई कर रही है। बयान के अनुसार, 9 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे अदिति कुछ सामान लेने बाजार गई थी। उस समय अंकिता कमरे में अकेली थी। करीब एक घंटे बाद जब अदिति वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला और अंदर से कोई आवाज भी नहीं आई। इसके बाद अदिति ने मकान मालिक को बुलाया। मकान मालिक की मदद से दरवाजा खोला गया तो अंकिता का शव पंखे से चुन्नी के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मौके से एक मोबाइल फोन बतौर साक्ष्य कब्जे में लिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मोहाली फेज-6 की मोर्चरी में रखा शव

पुलिस के अनुसार, सिविल अस्पताल खरड़ की मोर्चरी में जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण शव को सिविल अस्पताल फेज-6, मोहाली की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतका के भाई ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसकी बहन ने यह कदम अचानक उठाया है और मामले में किसी अन्य व्यक्ति की कोई गलती नहीं है। परिवार ने किसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने से भी इनकार किया है।

पुलिस ने भाई के बयान के आधार पर धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।




पेज 06 सुबह शाम प्रभु का स्मरण करना चाहिए इससे प्रभु...


# ईडी ने मांगी जमीन की फाइलें, फिर चर्चा में २६ साल पुराना मामला– हाईकोर्ट ने रद्द किया आवंटन, सुप्रीम कोर्ट में कैसे हुआ समझौता?

## 1998 में हाईकोर्ट ने कि रद्द , 2000 में सुप्रीम कोर्ट में हुआ समझौता ज्ञापन

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। बेअंत सरकार द्वारा कन्वेंस डीड के तहत कारोबारी शहर के बड़े औद्योगिक घरानों को दी गई जमीन कुछ दिनों से एऊजांच के केंद्र में है। प्रवर्तन निदेशालय की मौजूदा जांच के दौरान ग्लाडा और संबंधित सरकारी विभागों से औद्योगिक जमीन से जुड़ी भूमि उपयोग परिवर्तन की मंजूरी, नक्शे, बाद में किए गए बदलाव और पूरी फाइलों का रिकॉर्ड मांगे जाने के बाद करीब तीन दशक पुराने उन मामलों पर भी नजर टिक गई है, जिनकी कानूनी लड़ाई कभी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची थी। इन्हीं में सबसे महत्वपूर्ण मामला लुधियाना के फोकल प्वाइंट फेज-8 की करीब 340 एकड़ विवादित औद्योगिक जमीन का है।

रिकार्ड अनुसार हीरो को 100 एकड़, ओसवाल ऑयल्स एंड फैट्स 100 एकड़, वर्धमान/महावीर समूह के लिए 60 एकड़, रितेश इंडस्ट्रीज के लिए 40 एकड़, रॉयल इंडस्ट्रीज के लिए 20 एकड़ और एवन साइकिल्स के लिए 20 एकड़ जमीन का उल्लेख मिलता है।

Vardhmān

HERO CYCLES World 1




AVON CYCLES

RPIL
RITESH PROPERTIES AND INDUSTRIES LIMITED

● *6 बड़े घरानों को मिली बड़ी औद्योगिक जमीन; 1998 में हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, 2000 में सुप्रीम कोर्ट में हुआ समझौता ज्ञापन*

### 17 अप्रैल 1998: हाईकोर्ट ने आवंटन रद्द किए

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 17 अप्रैल 1998 को विवादित आवंटनों को रद्द कर दिया। इसके बाद संबंधित औद्योगिक घराने इस फैसले के खिलाफ डबल बेंच के समक्ष पहुंचे, लेकिन 18 मई 1999 को वहां से भी अपील खारिज कर दी गई । यानी उस समय तक अदालत की स्थिति साफ थी—विवादित अलॉटमेंट पर हाईकोर्ट का फैसला कंपनियों के पक्ष में नहीं था। लेकिन इसके कुछ ही महीनों बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया।

यानी यह मामला सरकारी औद्योगिक जमीन के बड़े पैमाने पर हुए आवंटन से जुड़ा था। जाँच ने सबका ध्यान २६ वर्ष पुराने माननीय हाईकोर्ट के निर्णय को चर्चा में ला दिया है जब कोर्ट ने सभी बड़े घरानों को अलॉट की जमीन की प्रक्रिया को गैर कानूनी बताते हुए इसे रद्द कर दिया था वही सरकार को इसे नए सिरे से अलॉट करने की प्रक्रिया के निर्देश दिए थे। अलॉटमेंट को इंटरनेशनल साइकिल्स एंड स्ट्रिप्स लिमिटेड ने अदालत में दी चुनौती। गौरतलब है की बड़े घरानों की तर्ज पर इंटरनेशनल साइकिल्स एंड स्ट्रिप्स लिमिटेड ने सरकार से अपने लिए केवल 10 एकड़ जमीन मांगी थी, लेकिन उसके आवेदन के साथ हुए व्यवहार और बड़े औद्योगिक घरानों को जमीन देने के लिए अपनाए गए मापदंडों में अंतर को लेकर मामला हाईकोर्ट पहुंच गया।

### 14 फरवरी २000: सुप्रीम कोर्ट में हुआ समझौता

हीरो साइकिल्स समेत संबंधित औद्योगिक घराने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। बाद के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायिक रिकॉर्ड में दर्ज है कि 14 फरवरी 2000 को पक्षकारों के बीच हुए समझौता ज्ञापन के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में इन मामलों का निपटारा हुआ। और यही इस 340 एकड़ की फाइल का सबसे बड़ा सवाल बनता है। जब हाईकोर्ट ने आवंटन रद्द कर दिए थे, तो सुप्रीम कोर्ट में समझौता किन शर्तों पर हुआ? पंजाब सरकार की ओर से समझौते पर सहमति किस स्तर पर दी गई? क्या इसके लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी ली गई थी? उद्योग विभाग, पीएसआईईसी या किसी अन्य सरकारी संस्था की फाइल पर किस अधिकारी ने सहमति दी? औद्योगिक घरानों ने बदले में क्या शर्तें या जिम्मेदारियां स्वीकार कीं? सरकार को क्या मिला ? और सबसे महत्वपूर्ण—समझौते के बाद जमीन का मालिकाना हक, उपयोग और राजस्व रिकॉर्ड किस तरह बदला ?

### ईडी की मौजूदा जांच के बीच पुराने सवाल फिर अहम

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा औद्योगिक जमीन से जुड़ी पुरानी सरकारी फाइलें, भूमि उपयोग परिवर्तन की मंजूरियां, नक्शे और अन्य रिकॉर्ड मांगे जाने के बीच वर्ष 1998 से 2000 तक की यह पूरी दस्तावेजी कड़ी एक बार फिर महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि वर्तमान ईडी जांच और इस पुराने 340 एकड़ वाले न्यायिक मामले को बिना दस्तावेजी पुष्टि के सीधे एक ही मामला नहीं कहा जा सकता, लेकिन दोनों के बीच एक साझा जनहित का सवाल जरूर खड़ा होता है—सरकार से मिली औद्योगिक जमीन आखिर किस प्रक्रिया से, किस उद्देश्य के लिए और बाद में किस उपयोग में गई? अब जरूरत है पूरी दस्तावेजी कड़ी की जांच की—मूल आवंटन पत्र, कब्जा, हाईकोर्ट का आदेश, सुप्रीम कोर्ट का समझौता, सरकारी मंजूर, भूमि उपयोग परिवर्तन, इंतकाल/जमाबंदी, वर्तमान उपयोग


भाग-2 में पढ़िए...126 रुपये बनाम 350 रुपये प्रति वर्ग गज : बड़े औद्योगिक घरानों और 10 एकड़ मांगने वाली इंटरनेशनल साइकिल्स एंड स्ट्रिप्स एवं छोटे प्लाटों के लिए अलग पैमाना क्यों ?


# सांसद सीचेवाल और विधायक सिद्धू ने स्कूटर एसोसिएशन के साथ मीटिंग कर सुनी व्यापारियों की समस्याएं

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। बस अड्डे के पास स्थित स्कूटर सेलर एसोसिएशन लुधियाना द्वारा आयोजित आपात बैठक में राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल और हलका आत्म नगर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू विशेष रूप से पहुंचे, जहाँ एसोसिएशन अध्यक्ष सतिंदर पाल सिंह, चेयरमैन बलजिंदर सिंह, सचिव दर्शन सिंह ओबेरॉय और अन्य सदस्यों ने मांग पत्र सौंपा।

बैठक में भाई कन्हैया जी सेवा मिशन सोसाइटी के तरनजीत सिंह निमाणा, मॉडल टाउन एसोसिएशन अध्यक्ष इंदरजीत सिंह गोला और पूर्व पार्षद हरप्रीत सिंह सोनी भी



उपस्थित रहे। व्यापारियों ने अवगत कराया कि पिछले 40 वर्षों से चल रही इस मार्केट से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी है, लेकिन वाहनों की आर.सी. ट्रांसफर के नए ओटीपी सिस्टम और धीमी आधार वेबसाइट के कारण मोबाइल पर ओटीपी न आने से काम ठप हो रहा है। उन्होंने इस समस्याओं का हल करने की मांग की। संत सीचेवाल और विधायक सिद्धू ने मांगों का जल्द समाधान करवाने का भरोसा दिया। इस दौरान कानूनी सलाहकार एडवोकेट गगनप्रीत सिंह, प्रेस सचिव तरुण अरोड़ा, कोषाध्यक्ष हरप्रीत सिंह सन्नी, हरप्रीत सिंह हैप्पी, कुलदीप सिंह बिल्ला, इंदर सिंह, अशोक बाला, सुखबीर सिंह काका, रविंदर कुमार दास, मनोज ग्रेस, राज कुमार राजू, बलवंत राय, सुखदेव सिंह सुक्खा, अनूप सिंह, रजिंदर पाल जिंदर, राजीव कुमार वर्धान, बलविंदर सिंह, ओम प्रकाश जग्गी, जगमीत सिंह नोनी, सहज कुकरेजा, राजू हेमकुंठ, सी.आर. टंडन, नरिंदर निंदी और अन्य मार्केट सदस्य उपस्थित थे।

# एक माह से अंधेरे में डीपीएस रोड, 20 सोसाइटियों के हजारों लोग परेशान

मेजर अली



जीरकपुर/यूटर्न/10 अगस्त। ढकोली की व्यस्त डीपीएस रोड पर करीब एक महीने से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें आसपास की लगभग 20 सोसाइटियों में रहने वाले हजारों लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। शाम ढलते ही सड़क के कई हिस्से अंधेरे में डूब जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक सभी लाइटें चालू नहीं हो पाई हैं। अंधेरे के कारण लोगों को हादसे के साथ स्नैचिंग व अन्य आपराधिक घटनाओं का डर सता रहा है। डीपीएस रोड ढकोली क्षेत्र की प्रमुख सड़कों में शामिल है। इसके आसपास बड़ी संख्या में रिहायशी सोसाइटियां हैं और रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चालक व पैदल राहगीर यहां से गुजरते हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण रात में सड़क पर दृश्यता काफी कम हो जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी देर शाम घर लौटने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को हो रही है।

# ऑस्ट्रेलिया में पूजा शर्मा ने जीते प्रतिष्ठित अवॉर्ड, अंबाला और फिल्लौर का नाम किया रोशन





-जगदीप सिंह-

अंबाला/यूटर्न/10 अगस्त। अंबाला शहर के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री चुनी लाल शर्मा की बेटी पूजा शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार, अंबाला और देश का नाम रोशन किया है। फिल्लौर की बहू पूजा शर्मा को Pharmaceutical Society of Australia (PSA) की ओर से आयोजित PSA 2026 Excellence Awards में सम्मानित किया गया।

पूजा शर्मा को यह सम्मान रोगी सेवा और सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव रखने वाली पूजा ने फामेर्सी सेवाओं को केवल दवाइयां उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि मरीजों को दवाओं के सही इस्तेमाल, स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और बेहतर देखभाल के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में नई तकनीकों, लगातार सीखने और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार को प्राथमिकता दी। उनकी उपलब्धि से अंबाला और फिल्लौर में खुशी और गर्व का माहौल है। परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पूजा शर्मा की सफलता विदेश में बसे भारतीयों के लिए भी प्रेरणादायक है और समर्पण व सेवाभाव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का संदेश देती है।

# जेएसी अम्बाला रीजन ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव 'सावन की मल्हार'

## चित्रा सरवारा ने मुख्यातिथि के तौर पर की शिरकत




-जगदीप सिंह-

अम्बाला छावनी/यूटर्न/10 अगस्त। जेएसी अम्बाला रीजन द्वारा महिलाओं के लिए विशेष तीज उत्सव 'सावन की मल्हार - महिलाओं के नाम एक शाम' का भव्य आयोजन पाम होटल, अम्बाला कैंट में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, खेलों एवं नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रा सरवारा जी ने शिरकत की। उनके कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत शायरा धीमान के शानदार स्वागत नृत्य से हुई। वहीं, मुख्य अतिथि के आगमन पर सपना मित्तल ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। 'सावन की मल्हार' में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया।

# चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में सामुदायिक मध्यस्थों का 40 घंटे का प्रशिक्षण शुरू



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। सेक्टर-43 स्थित चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में सोमवार को सामुदायिक मध्यस्थों के लिए 40 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह कार्यक्रम नालसा के तत्वावधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कुल 17 सामुदायिक मध्यस्थ हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव सुनील कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता गांव और स्थानीय स्तर पर होने वाले छोटे-मोटे विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों को अनावश्यक रूप से पुलिस थानों और अदालतों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी तथा समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारा मजबूत होगा।

प्रशिक्षण का संचालन अधिवक्ता मनजीत कौर कोटिया और अधिवक्ता सीमा पसरीचा कर रही हैं। दोनों दिल्ली स्थित टउढउ में सूचीबद्ध प्रमाणित मास्टर ट्रेनर्स हैं और मध्यस्थता के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मध्यस्थता तकनीक, संवाद कौशल, नैतिकता और व्यावहारिक रोल-प्ले के माध्यम से विवाद समाधान के गुर सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को आवश्यक प्रमाण पत्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ के सदस्य सचिव अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा प्रदान किए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि समुदाय स्तर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने और वैकल्पिक विवाद समाधान व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बॉलीवुड अदाकारा मंदाकिनी से सम्मानित हुए समाजसेवी सोनू सेठी



अंबाला/यूटर्न/10 अगस्त। पिछले दिनों कांगड़ा में हुए एक बच्चों के डांस कंपटीशन में पिछले 19 सालों से जीरकपुर डेरा बस्सी हल्के में चार फ्री एम्बुलेंस सेवा, सैकड़ो लावारिस डेडबॉडी के संस्कार,सैकड़ो मंद बुद्धि लोगों को मंदबुद्धि आश्रम में छोड़कर आना व इलाके में हजारों पौधे लगाने की एवज में सम्मानित किया गया। इस मौके पर सोनू सेठी ने स्टेज पर मंदाकिनी जी की तारीफ करते हुए उनकी 40 साल पहले आई हुई फिल्म राम तेरी गंगा मैली का जिक्र करते हुए कहा कि उस वक्त हमारी उम्र 10 साल थी और हम स्कूल के सालाना फंक्शन में इनके गानों पर डांस किया करते थे आज हमें बड़ा गर्व हो रहा है आज उन्हीं से हम सम्मानित हो रहे हैं इस मौके पर सोनू सेठी ने कहा की दुनिया में सबसे बड़ा धर्म है इंसानियत हमें धर्म के झगड़े छोड़कर इंसानियत का साथ देना चाहिए इतनी बात सुनकर गदगद भरे हाल में तालिया की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी

# हरिद्वार से पंचकूला पहुंची कांवड़-तिरंगा यात्रा, माजरी चौक पर पुलिस ने किया स्वागत





कपिल नागपाल

पंचकूला। हरिद्वार से पंचकूला पहुंची कांवड़-तिरंगा यात्रा का माजरी चौक पर पुलिस की ओर से स्वागत किया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों का फूलों से स्वागत किया और यात्रा की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इसे आगे रवाना किया। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए हैं। कांवड़ मार्गों, शिविरों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। शिविरों के आसपास बैरिकेडिंग के साथ यातायात को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार फील्ड में निगरानी कर रही है। डीसीपी अमरिंदर सिंह ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही और आम लोगों को यातायात संबंधी परेशानी से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं डीसीपी पंचकूला अदिति सिंह ने कांवड़ियों से निर्धारित मार्ग और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने आमजन से भी यात्रा के दौरान धैर्य रखते हुए पुलिस का सहयोग करने की अपील की।



पेज 12 जन सुनवाई में 3 माह में पहुंचीं 223 शिकायतें...

## पंजाब विधानसभा ने प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को 5% तक सीमित किया; तीन डिजिटल यूनिवर्सिटी के लिए बिल पास किए

**ये तीन डिजिटल यूनिवर्सिटी हैं - क्लाउड यूनिवर्सिटी, टर डिजिटल यूनिवर्सिटी और फिजिक्सवाला डिजिटल यूनिवर्सिटी**

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। पंजाब विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक कानून पास किया, जिसके तहत राज्य के बिना सरकारी मदद वाले प्राइवेट स्कूलों में सालाना फीस बढ़ोतरी को 5 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि इस कदम से लगभग 7,800 प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे करीब 32 लाख छात्रों को राहत मिलेगी।



शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा पेश किए गए 'पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अनएडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (संशोधन) बिल, 2026' का मकसद सालाना फीस बढ़ोतरी को रेगुलेट करना है, जिसमें ट्यूशन फीस के अलावा अन्य शुल्क भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जिन स्कूलों ने पिछले तीन वर्षों में तय सीमा से अधिक फीस बढ़ाई है, उन्हें अतिरिक्त राशि वापस करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को कमर्शियल धंधा नहीं बनने देगी।

मान ने अमृतसर में एक युवा लड़की की आत्महत्या का ज़िक्र किया, जिसके परिवार के बारे में उन्होंने कहा कि वे उसकी स्कूल फीस नहीं भर पा रहे थे और उन्हें स्कूल मैनेजमेंट से अपमान का सामना करना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूल बंद रहने के बावजूद ट्रांसपोर्टेशन फीस वसूलने को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की।

हालांकि, कांग्रेस विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने इस कानून को ₹नई बोतल में पुरानी शराब₹ बताया। उन्होंने बताया कि फीस बढ़ोतरी की पिछली सीमा 8 प्रतिशत थी और सवाल उठाया कि क्या नए प्रावधानों का असर पिछली तारीख से लागू होगा। सिंह ने यह भी तर्क दिया कि एक व्यापक शिक्षा नीति की जरूरत है, जिसमें फैकल्टी की भर्ती और वेतन से जुड़े उपाय भी शामिल हों।

कांग्रेस विधायक अवतार हेनरी जूनियर ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह सरकारी स्कूलों में एनरोलमेंट (दाखिले) में गिरावट से ध्यान हटाने के लिए इस कानून का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि 2022 और 2026 के बीच सरकारी स्कूलों में एनरोलमेंट में लगभग छह लाख की कमी आई है। उन्होंने प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने के लिए बनाई गई कमेटियों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व भी मांगा।

विधानसभा ने तीन अलग-अलग बिल भी पास किए, जिनसे तीन डिजिटल ओपन यूनिवर्सिटी — क्लाउड यूनिवर्सिटी, टर डिजिटल यूनिवर्सिटी और फिजिक्सवाला डिजिटल यूनिवर्सिटी — की स्थापना का रास्ता साफ हो गया। बैंस ने कहा कि ये नए संस्थान छात्रों को बदलते रोजगार परिदृश्य और उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी स्किल्स से लैस करेंगे। हालांकि, यूनिवर्सिटी बिल पास होने के दौरान कांग्रेस सदस्यों और निर्दलीय विधायक राणा इंदर प्रताप ने विरोध किया।

विपक्ष ने राणा इंदर प्रताप को बहस में शामिल होने के लिए और समय देने की मांग की, लेकिन स्पीकर ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद कांग्रेस विधायकों और निर्दलीय विधायक ने सदन के बीचों-बीच आकर स्पीकर और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। विरोध के बावजूद बिल पास कर दिए गए।

## एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के आरोपी रिजवान को मिली जमानत

**जेएलपीएल सेक्टर-82 स्थित कार्यालय में चोरी का आरोप, सात जुलाई से जेल में था आरोपी**

मोहाली/यूटर्न/10 अगस्त। जेएलपीएल सेक्टर-82 स्थित कार्यालय में एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी रिजवान खान को अदालत ने नियमित जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई करते हुए मोहाली के सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी सात जुलाई 2026 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में कथित चोरी का सामान पहले ही बरामद किया जा चुका है। ऐसे में उसे और हिरासत में रखने का कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अदालत में आरोपी की ओर से दलील दी गई कि उसे मामले में झूठा फंसाया गया है। उसके पास से अब कोई और बरामदगी नहीं होनी है। चालान पेश करने और ट्रायल पूरा होने में भी काफी समय लग सकता है। इसलिए उसे नियमित जमानत पर रिहा किया जाए। वहीं, सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने अपने सह-आरोपी के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के कार्यालय परिसर में चोरी की थी। दोनों को शिकायतकर्ता पक्ष ने कथित तौर पर चोरी करते हुए मौके पर पकड़ लिया था और चोरी की गई एसी की कॉपर पाइपों सहित पुलिस के हवाले किया था। अभियोजन पक्ष ने आशंका जताई कि जमानत मिलने पर आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकता है या दोबारा इसी तरह की वारदात कर सकता है।

### शिकायतकर्ता ने दो युवकों को पाइप ले जाते देखा था

मामला शिकायतकर्ता निर्मल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता जेएलपीएल सेक्टर-82 कार्यालय में फोटोस्टेट मशीन ऑपरेटर के तौर पर काम करता है। सात जुलाई को शाम करीब छह बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद जब वह कार्यालय से बाहर निकल रहा था, तभी मोहिंदर कुमार ने उसे बताया कि क्लब के बेसमेंट और छत पर लगी एसी की कॉपर पाइप चोरी की जा रही है। निर्मल सिंह मौके पर पहुंचा तो दो युवक एसी की कॉपर पाइप एक बैग में लेकर जाते दिखाई दिए। उनकी पहचान आजमत अली उर्फ बादशाह और रिजवान खान के रूप में हुई। दोनों को कथित तौर पर मौके पर ही पकड़ लिया गया और चोरी की गई पाइपों समेत पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## पंजाब कांग्रेस: बघेल के 'वापस जाओ' वाले विरोध के बाद 15 विधायकों ने हाईकमान से कहा - हमारी बात तो सुनिए

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस की तैयारियों पर गुटबाजी का साया मंडरा रहा है। ऐसे में, पार्टी के करीब 15 विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व से मिलने का समय मांगा है ताकि वे उन मुद्दों को उठा सकें जिन्हें वे ₹अहम₹ मानते हैं। यह कदम पार्टी के हालिया 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' अभियान के बाद उठाया गया है। इस अभियान ने पंजाब यूनिट के भीतर गहरी फूट को उजागर कर दिया, जिसमें विरोधी गुटों ने नारेबाजी की, झड़पें कीं और वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाते हुए पोस्टर वॉर किया।



31 जुलाई से 8 अगस्त के बीच चले इस अभियान में अलग-अलग नेताओं के समर्थकों ने खुलकर अपनी निष्ठा दिखाई, जिससे राज्य यूनिट की अंदरूनी उथल-पुथल को लेकर कांग्रेस हाईकमान की चिंताएं बढ़ गईं। माना जा रहा है कि बैठक की मांग करने वाले विधायक अलग-अलग खेमों से हैं और किसी खास गुट से जुड़े नहीं हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हाईकमान नेतृत्व की लड़ाई के सार्वजनिक प्रदर्शन को लेकर काफी चिंतित है और चाहता है कि राज्य यूनिट 2027 के चुनावों से पहले अपने घर को व्यवस्थित करे। संभावना है कि विधायक 13 अगस्त को संसद का मॉनसून सत्र खत्म होने के बाद केंद्रीय नेतृत्व से मिलेंगे।

यह घटनाक्रम पंजाब कांग्रेस में हफ्तों से चल रही अनिश्चितता के बाद सामने आया है। 1 जुलाई को अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रमुख बनाए रखने के फैसले से पहले, पार्टी के विधायक अजय माकन, मीनाक्षी नटराजन और भजन लाल जाटव की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति के सामने पेश हुए थे। इसके बाद कई नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अव्वउ महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की, क्योंकि नेतृत्व राज्य यूनिट के भीतर मतभेदों को सुलझाने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि, गुटबाजी को रोकने की कोशिशों से अब तक कोई खास सुधार नहीं दिखा है। हालिया कार्यकर्ता अभियान के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई, जब विरोधी नेताओं के समर्थकों के बीच झड़प और नारेबाजी की खबरों ने केंद्रीय नेतृत्व को चिंतित कर दिया।

## नन्हे कदम के तहत रुचि बावा ने सरकारी स्कूल में 500 से अधिक विद्यार्थियों से किया संवाद



लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। बाल अधिकारों और संरक्षण का संदेश जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में ह्यनन्हे कदमह्ण पहल के तहत सरकारी हाई स्कूल, शेरपुर कलां में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंजाब बाल अधिकार आयोग की वाइस चेयरपर्सन गुनजीत रुचि बावा ने 500 से अधिक विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें बाल अधिकारों, सुरक्षा और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान गुनजीत रुचि बावा ने उन्हें अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, उत्पीड़न या उपेक्षा का सामना करने पर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की कार्यवाहक प्रभारी परवीन रानी के साथ शिक्षक जसविंदरपाल सिंह, अलका ढडवाल और गौरव भी उपस्थित रहे। इस पहल की सराहना करते हुए परवीन रानी ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस जागरूकता अभियान के दौरान आस एहसास एनजीओ की ओर से विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई।

Happy Birthday



Pranav Ahuja

## सुबह शाम प्रभु का स्मरण करना चाहिए इससे प्रभु तो हमारी 24 घंटे रक्षा करेंगे ही साथ ही हमारे मन से मृत्यु का भय भी समाप्त हो जाएगा: स्वामी गौर दास

-दलजीत अजनोहा-

होशियारपुर/यूटर्न/10 अगस्त। श्री सिद्ध पीठ मंदिर में पंडित राजकुमार जी की अध्यक्षता में शाम 6:00 बजे से चल रही श्री भक्तमाल कथा में वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत परम श्रद्धेय श्री गोरदास जी महाराज ने नाभा जी के चरित्र को आगे बढ़ाते हुए बताया कि नाभा जी द्वारा रचित प्रथम छपय को सभी को सुबह शाम स्मरण करना चाहिए इससे प्रभु तो हमारी 24 घंटे रक्षा करेंगे ही साथ ही हमारे मन से मृत्यु का भय भी समाप्त हो जाएगाऔर साथ ही भगवान श्री कृष्ण के दाएं पैर के तलवे में जो चरण-चिह्न वही राधा जी के बाएं पैर के तलवों में है उनका प्रतिदिन स्मरण करने से हमारे मन से बहुत सारी



नकारात्मक ऊर्जा और बुरे विचार समाप्त होते हैं और सकारात्मक विचार हमारे मन में आते हैं और हम व्यापार नौकरी एवं ग्रहस्थ के धर्म का पालन करते हुए सद्गुरु जी की कृपा से इसी जन्म एवं इसी शरीर में प्रभु के दर्शन कर सकते हैं जैसे भगवान के चरण मे अंकित अंकुश के स्मरण से मन इधर-उधर नहीं भागता वज्र के स्मरण से पापों का नाश होता है धेनु पद के स्मरण से संसार रूपी भवसागर को हम आसानी से पार कर सकते हैं शंख के स्मरण से नकारात्मक विचार मन में नहीं आते स्वास्तिक से जीवन संतुलित होता है और हमारे काम क्रोध लोभ आदि धीरे-धीरे समाप्त हो जाते है मछली चिन्ह के स्मरण से मन इधर-उधर नहीं भटकता कमल का स्मरण करने से मन संसार रूपी कीचड़ में नहीं फसता महाराज जी द्वारा गाए भजनो पर सभी भक्तगण प्रेम में भाव विभोर होकर नृत्य कर रहे थे कथा समिति ने नगर के सभी धर्म प्रेमियों को शाम 6 बजे से होने वाली इस कथा में सपरिवार आमंत्रित किया है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Gym की Membership बीच में छोड़ने पर पैसे वापस मिल सकते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल बहुत से लोग Gym, Fitness Centre, Swimming Pool या किसी Fitness Club की 6 महीने या 1 साल की Membership लेते हैं। लेकिन कुछ समय बाद किसी कारण से Membership छोड़नी पड़ती है। तब सवाल उठता है—क्या बचे हुए समय के पैसे वापस मिल सकते हैं?

इसका जवाब हर मामले में एक जैसा नहीं होता। सबसे पहले यह देखना जरूरी है कि Membership लेते समय क्या Terms & Conditions थीं। यदि Agreement में साफ लिखा है कि किसी खास परिस्थिति में Refund नहीं मिलेगा, तो वह शर्त महत्वपूर्ण हो सकती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि Gym की हर शर्त अपने आप सही और कानूनी हो जाती है।

यदि Gym ने ऐसी सुविधा देने का वादा किया था जो दी ही नहीं गई, Gym लंबे समय तक बंद रहा, सेवा में गंभीर कमी रही या ग्राहक से ऐसी राशि वसूली गई जो अनुचित थी, तो मामला अलग हो सकता है। Consumer Protection Act, 2019 में service में कमी (deficiency) और unfair contract जैसी स्थितियों के खिलाफ उपभोक्ता को शिकायत का अधिकार दिया गया है।

उदाहरण के लिए, यदि किसी Fitness Centre ने सालभर की Membership के पैसे ले लिए लेकिन कुछ समय बाद बिना उचित कारण सेवा बंद कर दी, तो ग्राहक अपनी बची हुई Membership और भुगतान के संबंध में उचित राहत मांग सकता है।

इसलिए Membership लेते समय केवल Fee न देखें। Refund Policy, Cancellation Rules, Lock-in Period और अन्य Terms भी पढ़ें। यदि विवाद हो जाए, तो Membership Form, Payment Receipt, Agreement, WhatsApp Messages और Gym के Advertisement को सुरक्षित रखें। ये दस्तावेज बाद में बहुत काम आ सकते हैं।

निष्कर्ष: Gym Membership के पैसे हर स्थिति में वापस मिलेंगे या नहीं, यह Agreement और मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। लेकिन केवल "No Refund" लिख देने से हर स्थिति में ग्राहक के कानूनी अधिकार खत्म नहीं हो जाते।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल



### बच्चों की राहें माता पिता से अक्सर अलग क्यों होती हैं?

यह आज के समय का एक सामान्य प्रश्न है कि क्यों युवा अक्सर माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर अपनी तरह से जीवन जीना चाहते हैं। इसके पीछे कई सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण हैं। आज के युवा स्वतंत्रता, पहचान और आत्मनिर्णय को बहुत महत्व देते हैं। वे चाहते हैं कि उनके फैसलों में उनकी पसंद और सोच की कद्र हो। तकनीक, शिक्षा और सोशल मीडिया के कारण उनकी सोच पहले से अधिक खुली और आधुनिक हो गई है। वे नए अवसरों, अलग करियर विकल्पों और नए जीवन-शैली को अपनाना चाहते हैं, जो अक्सर माता-पिता की पारंपरिक सोच से अलग होती है। दूसरी ओर, माता-पिता अपने अनुभवों के आधार पर बच्चों के लिए सुरक्षित और स्थिर जीवन चाहते हैं। उनकी चिंताएँ गलत नहीं होतीं, परंतु कई बार पीढ़ियों के बीच सोच के अंतर से टकराव पैदा हो जाता है। युवा मानते हैं कि गलतियाँ भी जीवन का हिस्सा हैं और उनसे सीख कर आगे बढ़ना जरूरी है। समाधान संवाद और समझ से निकल सकता है।

यदि माता-पिता बच्चों की बात सुनें और बच्चे माता-पिता के अनुभवों का सम्मान करें, तो संबंध मधुर बने रह सकते हैं। स्वतंत्रता और संस्कार दोनों का संतुलन ही परिवार और व्यक्ति के विकास के लिए सबसे अच्छा मार्ग है।

## माता गुजरी जी सेवा सोसाइटी के कीर्तन दरबार में उमड़ी संगत, गुरबाणी से गूंजा गुरुद्वारा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/10 अगस्त। माता गुजरी जी सेवा सोसाइटी की ओर से आठवें पातशाह साहिब श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित दूसरा महान कीर्तन दरबार गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा मोरी गेट में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में पहुंची संगत ने गुरबाणी कीर्तन का रूहानी आनंद लिया। समारोह की शुरूआत हजूरी कीर्तनिए भाई हीरा सिंह निमाना ने की। इसके बाद भाई चरण धूड़ सिंह, भाई जसकरणदीप सिंह और भाई मनकरनदीप सिंह गुराया वाले ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल रागी बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। कम उम्र में शास्त्रीय सुरों और गुरबाणी गायन की उनकी पकड़ ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन जीत लिया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान प्रिंसिपल चरनजीत सिंह भंडारी ने सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को धर्म और गुरमत से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में राजेश इंद्र सिंह सिद्धू, कंवरपाल सिंह, सतीश कुमार पप्पू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विशेष योगदान दिया। समापन पर संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया।




## मोती बाग में धूमधाम से मनाया गया तीज पर्व, वीरपाल कौर बनीं 'तीज क्वीन'

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/10 अगस्त। सावन की रौनक और पंजाबी लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर तीज का पावन पर्व मोती बाग स्थित फ्रेंड्स रेस्टोरेंट में उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। आयोजन को सफल बनाने में सुखप्रीत कौर, ज्योति बब्बर, अमन बत्रा, गुरमीत कौर और सिमरन कौर ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मोती बाग के एमसी दविंदरजीत सिंह सिद्धू की धर्मपत्नी रणजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। समारोह के दौरान महिलाओं ने पंजाबी लोक संस्कृति की शानदार झलक पेश की। पारंपरिक गिद्दा, किकली और विभिन्न मनोरंजक खेलों के साथ महिलाओं ने बचपन की यादें ताजा कीं। तंबोला ने भी कार्यक्रम में खूब रंग जमाया और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में अपनी ऊर्जा, पारंपरिक पहनावे और सक्रिय भागीदारी से सबका दिल जीतने वाली वीरपाल कौर को 'तीज क्वीन' चुना गया। उनके सिर तीज की रानी का ताज सजते ही उपस्थित महिलाओं ने तालियों के साथ खुशी जताई।



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# शराब पीते हुए झगड़ा होने पर युवक का किया मर्डर, कंधे पर लाश रखकर एक किमी. पैदल गया हत्यारा, रास्ते में फेंकी, गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। टिब्बा रोड के न्यू शक्ति नगर में 5 दिन पहले बेडशीट में लिपटी मिली युवक की लाश के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, शराब के नशे में एक युवक द्वारा विवाद होने पर दूसरे युवक की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद आरोपी उसे कंधे पर लादकर एक किलोमीटर तक गया और रास्ते में लाश फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने टिब्बा रोड के आरोपी हर्ष कुमार (24) को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक ने उसने अपना नाम ऋतिक बताया था। एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंदरजीत सिंह बोपाराय के मुताबिक, आरोपी हर्ष कुमार लंबे समय से अपने माता-पिता की मौत के बाद घर में अकेला रह रहा है। वह नशे का आदी है। करीब तीन दिन पहले उसकी मुलाकात मृतक से हुई थी। मृतक भी नशे का आदी बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 5 अगस्त को दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। गुस्से में हर्ष ने ईंट से युवक पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



### ज्यादा न चल पाने के कारण रास्ते में फेंकी लाश

हत्या के बाद आरोपी ने लाश को बेडशीट में लपेटा और अपने कंधे पर रखकर करीब एक किलोमीटर तक ले गया। उसका इरादा लाश को बुड्डा दरिया में फेंकने का था। लेकिन न्यू शक्ति नगर से आगे से नहीं चल पा रहा था। जिसके चलते लाश वहीं पर फेंक दी। अगली सुबह घर के सदस्यों ने लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी।

# 10 सितंबर को श्रद्धा-भाव से मनाया जाएगा श्री बाबा गज्जू जी थापर का वार्षिक उत्सव मेला

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। थापर वंश के कुलदेवता श्री बाबा गज्जू जी थापर का वार्षिक उत्सव मेला 10 सितंबर, वीरवार को समाधि श्री बाबा गज्जू जी थापर बिरादरी, गुरुदेव नगर, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

मेले के आयोजन को लेकर प्रधान गौतम थापर की अध्यक्षता में महासचिव संदीप थापर, कैशियर रमल थापर सहित कमेटी सदस्यों ने बाबा गज्जू जी को मेले का प्रथम निमंत्रण अर्पित किया। इस अवसर पर आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। कमेटी सदस्यों ने बाबा गज्जू जी से मेले के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर प्रधान गौतम थापर, महामंत्री संदीप थापर, कैशियर रमल थापर, सरपरस्त अनिल थापर हिंग वाले, करण थापर, हर्ष थापर, अजय थापर, डिम्पल थापर, अश्वनी थापर, राजन थापर, अनूप थापर, सौरव थापर, मुनीष थापर, सुमित थापर, अशोक थापर बब्बी, गौतम सुनील थापर, विपन थापर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# शिव पुराण कथा के दूसरे दिन भगवान शंकर के तीन गुणों का किया वर्णन

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। सिविल लाइन स्थित श्री दंडी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने भगवान शंकर के तीन प्रमुख गुणों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने कहा कि भगवान शिव के गुणों का स्मरण करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के कार्य करने चाहिए। भगवान शिव त्याग, करुणा, सरलता और कल्याण के प्रतीक हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने शिव पुराण कथा का श्रवण करने तथा भगवान शंकर की विधिवत पूजा-अर्चना करने की महत्ता भी विस्तार से बताई। एस.एस. खुराना ने कहा कि श्री शिव पुराण कथा का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना और संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम है। भगवान शिव की भक्ति से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की। एस एस खुराना ने कहा कि सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, उनके स्वरूप और सनातन धर्म की शिक्षाओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा के उपरांत तपोस्थली मंदिर के पं. संतोष त्रिपाठी, पं. महानंद शर्मा, पं. दिनेश चंद्र, पं. संदीप एवं पं. यतेन्द्र द्वारा विधिवत आरती की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने बताया कि श्री शिव पुराण कथा का आयोजन 15 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7:30 बजे तक होगा। 16 अगस्त को हवन एवं भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। आयोजन में ढांडा चैरिटेबल ट्रस्ट, सिविल लाइन की ओर से विशेष सहयोग दिया जा रहा है।





## सड़क पर मिली बुजुर्ग की लाश, हत्या की आशंका

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। ढंडारी कलां के पास मेन रोड पर पुल नजदीक सोमवार सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति (50) की लाश बरामद हुई है। राहगीरों ने लाश पड़ी देखी तो तुरंत थाना साहनेवाल की कंगनवाल पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। उसके सिर पर चोट के निशान भी हैं। शव के पास एक बटन वाला मोबाइल फोन मिला, जबकि मृतक की जेब से एक डायरी भी बरामद हुई है। डायरी पानी में भीग जाने के कारण उसमें लिखी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पहचान के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दी है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान और उसके परिजनों का पता लगाने में जुटी हुई है।



## भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेके करने से जीवन में आ रही कठिनाईयों का दौर होता है समाप्त : प. दीनबंधु त्रिपाठी

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। गऊघाट शमशान घाट स्थित शिव मंदिर में सेवक मंडल की ओर से कीमती लाल जैन की अध्यक्षता में भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर प. दीनबंधु त्रिपाठी की ओर से मंत्रोउच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। सेवक मंडल के सदस्यों की ओर से भगवान शंकर का दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, शक्कर और गन्ने के रस से अभिषेक करवाया। अभिषेक के पश्चात सेवक मंडल के सदस्यों ने बहुत ही सुंदर ढंग से कमल के फूल, बेल पत्री, भांग, अक्क धतूरा आदि से शिवलिंग पर अलौकिक श्रंगार किया। दीनबंधु त्रिपाठी ने कहा कि सावन मास में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने से यहाँ पूरे वर्ष का फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर पार्षद अरुण शर्मा, राजकुमार जैन, लविश जैन, दीपक गुप्ता, वंश चावला, शिवम मल्होत्रा, अमन ढींगरा, अमित शर्मा, ओम प्रकाश यादव, राजकुमार, राकेश कुमार, दीपक अरोड़ा आदि मौजूद रहें।



## चैहला मंदिर में हर-हर महादेव के जयकारे के साथ करवाया गया रुद्राभिषेक

लुधियाना/यूटर्न/10 अगस्त। सावन माह के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर शिव वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान बिट्टू गुंबर ने चैहला समराला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक करवाया। पंडित मनोज शास्त्री ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस दौरान कमल शर्मा और एंकर हेमंत वालिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।इस अवसर पर बिट्टू गुंबर ने कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना का पवित्र महीना है और सावन के सोमवार को भोलेनाथ का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने से मन को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।



# बुड़ैल की बदहाल सड़कों, सीवरेज और सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठा, आप ने निगम कमिश्नर को सौंपा शिकायत पत्र



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। बुड़ैल क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं और स्थानीय निवासियों ने नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। इस दौरान गली नंबर 10, 14 और 15 समेत बुड़ैल की टूटी सड़कों, खराब सीवरेज व्यवस्था, जलभराव और गंदगी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सड़कों की मरम्मत, सीवरेज लाइनों की सफाई, जलभराव का स्थायी समाधान, विशेष सफाई अभियान और फॉगिंग करवाने की मांग की। AAP नेताओं ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव और गंदगी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मच्छरों की बढ़ती संख्या से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने नगर निगम से समस्या गंभीर होने से पहले आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर अअढ प्रधान विजय पाल सिंह, अल्पसंख्यक विंग अध्यक्ष एवं समाजसेवी शादाब राठी तथा स्थानीय निवासी हरदीप सिंह, मोहम्मद रिजवान, नवाब सिद्दीकी, रिंकू सिंह और हरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शादाब राठी ने कहा कि बुड़ैल के लोग लंबे समय से सड़क, सीवरेज और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और जनता की मांगों के समाधान तक प्रशासन से लगातार संपर्क रखा जाएगा।

# जगराओं में कांग्रेस पार्टी और विभिन्न संगठनों की विशाल बैठक संपन्न, क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य रहे मौजूद



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/अगस्त। जगरांव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं, विभिन्न यूनियनों के प्रमुखों और शहर के गणमान्य नागरिकों की एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के विकास, सामाजिक मुद्दों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने आपसी भाईचारे और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया।

इस गरिमामयी बैठक में धार्मिक और राजनीतिक जगत की कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। सभा में विशेष रूप से जत्थेदार बाबा संतोष सिंह, बाबा मनदीप सिंह, और विद्यार्थी (देहाती प्रधान, कांग्रेस) उपस्थित रहे। इसके साथ ही, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व देहाती अध्यक्ष मेजर सिंह भैणी, पूर्व देहाती कांग्रेस अध्यक्ष करणजीत सिंह सोनी गालिब, और एससी विंग पंजाब के उपाध्यक्ष राजेश इंदर सिद्धू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विभिन्न यूनियनों और संगठनों की सक्रिय भागीदारी...बैठक में व्यापारिक संगठनों, यूनियनों और सेवा समितियों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे: श्री कृष्णा गौशाला, तीर्थ सिंगला, मल्होत्रा मोबाइल हब, सोनू मल्होत्रा, आढ़तिया एसोसिएशन: अमृतपाल सिंह चहल, रवि तंधा जी एवं उनकी समस्त टीम, शहीद ऊधम सिंह यूनियन, जसविंदर सिंह की टीम, सफाई सेवक यूनियन: जिला प्रधान अरुण गिल, कुलवंत सहोता, बंटी, केंटर यूनियन, सीरा मल्ली (एक्स सरपंच, अगवाड़ ख्वाजा बाजू), भोला ज, पप्पू जी (माना वाले), रेडिमेड यूनियन, प्रधान रोहित गोयल, ओबीसी सेल कांग्रेस (देहाती जिला लुधियाना): चेयरमैन मास्टर हरदीप जस्सी, कांग्रेस एससी सेल (देहाती जगराओं): प्रधान जीवन सिंह बागी।

अन्य प्रमुख हस्तियां: एक्स एमसी बोवी कपूर, विक्की सिंह (एमसी वार्ड नंबर 8), परविंदर सिंह टूसा, ट्रक यूनियन प्रधान प्रीति सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस दलित नेता डॉ. गोरा लद्दड़, एमसी सुखचैन सिंह, एक्स कौंसलर हिमांशु मलिक, एक्स जेई अवतार सिंह विर्क, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान गोपाल सिंह शर्मा एवं रविंदर पाल सभरवाल।

# सावन शिवरात्रि पर बैकुंठ धाम में होगा शिव रात्रि महोत्सव



कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/10 अगस्त। सावन माह की शिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सनातन धर्म बैकुंठ धाम सेवा समिति, सेक्टर-20, पंचकूला की ओर से 11 अगस्त को शिव रात्रि महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। समिति के प्रधान प्रदीप गोयल ने बताया कि महोत्सव के दौरान भगवान भोलेनाथ का डाक कांवड़ के माध्यम से जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे डाक कांवड़ सदस्यों के सहयोग से जलाभिषेक किया जाएगा तथा इसके उपरांत प्रसाद वितरण की व्यवस्था बैकुंठ धाम पार्किंग परिसर में रहेगी। वहीं शाम 3 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायक हरीश अरोड़ा अपनी भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति में सराबोर करेंगे। भजन-कीर्तन के उपरांत व्रतधारी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। प्रधान प्रदीप गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सावन शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को भगवान शिव की आराधना और भक्ति से जोड़ना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया।

# भुलर की कुर्सी गई, राजनीतिक अहमियत बढ़ गई

पंजाब की राजनीतिक पार्टियां जिस तरह से पुलिस अधिकारियों की खूबियों को पहचानती हैं, उसमें कुछ-कुछ काव्यात्मक बात है। तीन दशकों तक, गुरप्रीत सिंह भुलर अकाली, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों के दौर में भी अपनी अहमियत बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और मोहाली समेत पंजाब में पुलिसिंग के कई सबसे अहम पद संभाले। पंजाब के राजनीतिक तंत्र की भाषा में कहें तो, वे हर दौर में टिके रहने वाले (सर्वाइवर) अधिकारी थे।



संदीप शर्मा, सम्पादक

और फिर, अचानक, उन्हें गैर-जरूरी समझ लिया गया। विडंबना यह है कि जिस अधिकारी को अलग-अलग सरकारों ने काम का माना था, वही अब एक राजनीतिक विवाद के केंद्र में है, जिसमें बीजेपी को भुलर का एक बिल्कुल अलग रूप दिखा है: एक 'ईमानदार अधिकारी' जिसने, पार्टी के अनुसार, देश-विरोधी साजिश और पाकिस्तानी कनेक्शन का पर्दाफाश किया। वहीं, AAP सरकार ने उन्हें अमृतसर पुलिस कमिश्नर के पद से हटा दिया है और DGP ऑफिस में रिपोर्ट करने को कहा है। पंजाब पुलिस ने कहा है कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। बीजेपी का दखल खास तौर पर गौर करने लायक है। उसने सिर्फ भुलर के ट्रांसफर पर सवाल नहीं उठाया। उसने एक ज्यादा राजनीतिक रूप से विस्फोटक सवाल पूछा: मान सरकार किसे बचाना चाहती है?

यह सवाल भले ही राजनीतिक बयानबाजी हो, लेकिन यह एक बड़ी सच्चाई को उजागर करता है। बीजेपी के लिए, भुलर अचानक आदर्श पुलिस अधिकारी बन गए हैं—इसलिए नहीं कि उनका तीन दशक का करियर रातों-रात बदल गया है, बल्कि इसलिए कि उनका हालिया विवाद बीजेपी के राष्ट्रीय सुरक्षा वाले नैरेटिव (विमर्श) में फिट बैठता है। अअढ सरकार के लिए, वही अधिकारी अचानक एक बोझ बन गए हैं—जरूरी नहीं कि उनका पूरा रिकॉर्ड बदल गया हो, बल्कि इसलिए कि उनके शब्द पहले से ही गरमा-गरम राजनीतिक लड़ाई के बीच आ गए हैं।

तो असली भुलर कौन हैं?

शायद न तो बीजेपी के ₹ईमानदार अधिकारी₹ और न ही AAP सरकार के लिए परेशानी का सबब बने अधिकारी। वे ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने पंजाब के राजनीतिक माहौल के हिसाब से खुद को ढालते हुए दशकों बिताए हैं। उन्होंने प्रशासनिक तौर पर टिके रहने की कला में महारत हासिल की है और अलग-अलग सरकारों के दौर में अहम पद हासिल किए हैं। यह बात खुद भुलर के बारे में कम और पंजाब की पुलिसिंग व्यवस्था के बारे में ज्यादा बताती है। क्योंकि बड़ा सवाल यह नहीं है कि भुलर राजनीतिक रूप से पसंद किए जाते हैं या नापसंद। सवाल यह है कि क्या पंजाब ऐसी पुलिस फोर्स चाहता है जिसके अफसरों को उनके बयानों के राजनीतिक नतीजों से आंका जाए—या फिर उनके काम की क्वालिटी से? ट्रांसफर के समय को लेकर सवाल उठना लाज़िमी है। भुल्लर को तब हटाया गया जब क्क-समर्थित टेरर मॉड्यूल और दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन वाली जगह की रेकी (जासूसी) के बारे में उनके बयानों ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक तूल पकड़ लिया था।

सरकार को किसी अफसर का ट्रांसफर करने का अधिकार है। बीजेपी को उस फैसले पर सवाल उठाने का अधिकार है। लेकिन किसी को भी पुलिस को राजनीतिक फुटबॉल बनाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। बीजेपी के लिए भी यहाँ एक असहज करने वाला सबक है। अगर भुल्लर सच में एक ₹ईमानदार अफसर₹ हैं, जैसा कि पार्टी अब कह रही है, तो सवाल उठता है: उनकी ईमानदारी राजनीतिक रूप से तभी क्यों अहम हुई जब अअढ सरकार ने उन्हें हटाया? और AAP के लिए भी एक उतना ही असहज करने वाला सवाल है। अगर उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया था, तो जवाब में उन्हें अचानक हटाने के बजाय साफ-साफ यह क्यों नहीं बताया गया कि उन्होंने असल में क्या कहा था, पुलिस की जांच में क्या पता चला, और अफसर से ठीक कहाँ गलती हुई?

पंजाब इन जवाबों का हकदार है। इसके बजाय, उसे उसी पुलिस वाले के बारे में दो अलग-अलग बातें सुनने को मिली हैं।

यूटर्न टाइम

# वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री का छूटा आईफोन टैबलेट टिकट चेकिंग स्टाफ ने लौटाया

-आर. के. उप्पल-

अमृतसर/यू टर्न/10 अगस्त। वंदे भारत एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग स्टाफ की सजगता और ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण सामने आया। ट्रेन संख्या 22488 अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री का छूटा हुआ कीमती आईफोन टैबलेट सुरक्षित रूप से वापस लौटाया गया।



**सीट पर मिला था आईफोन टैबलेट...**9 अगस्त को टिकट चेकिंग स्टाफ मनोज चौहान को ट्रेन के ए-2 कोच की सीट संख्या 40 पर एक आईफोन टैबलेट मिला। उन्होंने बिना समय गंवाए अपने हैंड हेल्ड टर्मिनल के माध्यम से यात्री के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया।

**जल्दबाजी में ट्रेन में भूल गया था सामान...**संपर्क होने पर यात्री ने बताया कि जल्दबाजी में ट्रेन से उतरते समय वह अपना आईफोन टैबलेट सीट पर ही भूल गया था। मनोज चौहान ने यात्री को आश्वस्त किया कि उसका सामान पूरी तरह सुरक्षित है।

**आरपीएफ की मौजूदगी में किया सुपुर्द...**यात्री के वापस आने पर आईफोन टैबलेट को आरपीएफ की मौजूदगी में सुरक्षित रूप से उसके मालिक को सौंप दिया गया। अपना कीमती सामान वापस पाकर यात्री बेहद खुश हुआ और उसने रेल कर्मचारियों की ईमानदारी एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

# रेल वन ऐप से टिकट बुकिंग को बढ़ावा, यात्रियों को अधिकृत माध्यम अपनाने की अपील

अमृतसर /यू टर्न /10 अगस्त। फिरोजपुर मंडल ने रेल यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा को सुरक्षित, सुविधाजनक और परेशानी मुक्त बनाने के लिए रेल टिकट हमेशा रेलवे के अधिकृत माध्यमों से ही खरीदें। यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए रेलवे के आरक्षण/बुकिंग काउंटर, अधिकृत रेलवे वेबसाइट एवं ऐप तथा अधिकृत टिकट एजेंटों का ही इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

**रेल वन ऐप से टिकट बुकिंग के कई फायदे...**फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। ऐप से अनारक्षित टिकट खरीदने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट मिलती है। इसके अलावा छुट्टे पैसे रखने की परेशानी और टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों से भी राहत मिलती है।




**अधिकृत माध्यम से टिकट खरीदें, सुरक्षित यात्रा करें...**मंडल की ओर से यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अनधिकृत व्यक्तियों या संदिग्ध माध्यमों से टिकट न खरीदें। अधिकृत माध्यम से टिकट लेने पर वैध टिकट प्राप्त होने के साथ यात्रा के दौरान अनावश्यक परेशानियों से भी बचा जा सकता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, फिरोजपुर बसंत कुमार ने यात्रियों से आग्रह किया कि वे डिजिटल टिकटिंग को अपनाएं और रेल वन ऐप सहित रेलवे के अधिकृत माध्यमों का उपयोग कर अपनी रेल यात्रा को सुविधाजनक एवं सुखद बनाएं।

# फिरोजपुर मंडल में एसएलआर लीजिंग से रेलवे को मिलेगा ₹91 लाख का राजस्व

## तीन वर्ष के लिए ई-निविदा के माध्यम से ट्रेन संख्या 14624 में अनुबंध अलॉट

-आर. के. उप्पल-

अमृतसर/यू टर्न/ 10 अगस्त। फिरोजपुर मंडल द्वारा ई-निविदा के माध्यम से ट्रेन संख्या 14624 (सीर गोवर्धन वाराणसी एक्सप्रेस) में एसएलआर लीजिंग अनुबंध सफलतापूर्वक अलॉट किया है। इस तीन वर्षीय अनुबंध से रेलवे को लगभग ₹91 लाख का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। एसएलआर लीजिंग व्यवस्था के तहत ट्रेनों में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करते हुए व्यापारियों को अपने सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक तेज और सुरक्षित तरीके से भेजने की सुविधा मिलती है। इससे रेलवे को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, वहीं व्यापारियों के लिए परिवहन के समय और लागत में भी बचत होती है। फिरोजपुर मंडल द्वारा ई-निविदा के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत एसएलआर लीजिंग अनुबंधों का आवंटन किया जा रहा है। इससे रेलवे की आय बढ़ाने के साथ-साथ उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। रेलवे के अनुसार, एसएलआर लीजिंग व्यवस्था रेलवे और व्यापारियों दोनों के लिए लाभकारी साबित हो रही है तथा माल परिवहन को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# फिरोजपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर गूंज रहे देशभक्ति के गीत

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अमृतसर, लुधियाना, जालंधर सहित प्रमुख स्टेशनों पर विशेष पहल

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/10 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर फिरोजपुर मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशन इन दिनों देशभक्ति के गीतों से गूंज रहे हैं। स्टेशन परिसर में प्रवेश करते ही यात्रियों को आवश्यक उद्घोषणाओं के साथ लोकप्रिय देशभक्ति गीत सुनाई दे रहे हैं, जिससे वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो रहा है। इस विशेष पहल के तहत अमृतसर, लुधियाना, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, फिरोजपुर कैंट, ब्यास और फगवाड़ा सहित मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन एवं यात्री संबंधी आवश्यक उद्घोषणाओं के बीच निर्धारित समय पर देशभक्ति के लोकप्रिय गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के बीच जब देशभक्ति के गीत गूंजते हैं तो पूरा स्टेशन परिसर राष्ट्रप्रेम के रंग में सराबोर नजर आता है। यात्रियों के बीच इस पहल से स्वतंत्रता दिवस के प्रति उत्साह और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिल रहा है। रेलवे की इस पहल का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यात्रियों को देशभक्ति के माहौल से जोड़ना तथा स्टेशनों पर सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है। स्वतंत्रता दिवस तक यह देशभक्ति का माहौल प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लगातार देखने को मिलेगा।

# हाथी गेट-लाहौरी गेट में नगर निगम का बड़ा एक्शन

## अतिक्रमण पर चला निगम का डंडा, सड़कों-फुटपाथों से सामान जब्त




आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/10 अगस्त। शहर की सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम अमृतसर द्वारा सोमवार को हाथी गेट और लाहौरी गेट क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की गई । एस्टेट विभाग की टीम दवाई सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जे हटाने के साथ वहां रखा सामान और अन्य सामग्री जब्त कर ली गई ।

### शिकायतों के बाद निगम की सख्ती

नगर निगम को इन क्षेत्रों में सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अतिक्रमण के कारण पैदल राहगीरों को परेशानी तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी बार-बार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम द्वारा उक्त कार्रवाई की गई ।

### कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई

उक्त अभियान नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर चलाया गया। कार्रवाई इंस्पेक्टर प्रीति चौहान की टीम ने की, जबकि निगरानी सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया तथा एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदर जीत सिंह ने की।

### दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी कड़ी कार्रवाई

निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों से जब्त की गई सामग्री वापस नहीं की जाएगी। दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों और अन्य लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे सड़कों व फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत विस्तार या सामान न रखें। नगर निगम ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान पूरे शहर में लगातार जारी रहेगा। इसका उद्देश्य राहगीरों के लिए फुटपाथ खाली करवाना, यातायात को सुचारू बनाना और शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

# ट्राइसिटी में पहली बार क्लोन द फाउंडर कार्यशाला, उद्यमियों को सिखाया जाएगा अपना कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्लोन तैयार करना

## लास वेगास, सिंगापुर, कोस्टा रिका और मलेशिया के बाद अब ट्राइसिटी में 15-16 अगस्त को होगा आयोजन

मोहाली/यूटर्न/10 अगस्त। लास वेगास, सिंगापुर, कोस्टा रिका और मलेशिया में सफलतापूर्वक कार्यशालाएं आयोजित करने के बाद अब पहली बार ट्राइसिटी में ह्यक्लोन द फाउंडरह्न कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। फेज-9, मोहाली में कार्यशाला के लोगो अनावरण के मौके पर प्रसिद्ध उद्यमी और मार्गदर्शक निपुण स्याल ने इसके उद्देश्य और अवधारणा की जानकारी दी। निपुण स्याल ने बताया कि 'क्लोन द फाउंडर' का उद्देश्य उद्यमियों और व्यवसायिक नेतृत्वकताओं को ऐसी कार्यप्रणाली, नेतृत्व टीम और व्यवसायिक प्रक्रियाएं तैयार करने में मदद करना है, जिससे कारोबार केवल संस्थापक पर निर्भर न रहे और उनकी अनुपस्थिति में भी व्यवसाय प्रभावी ढंग से संचालित और विकसित हो सके।




**सीखेंगे अपना कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्लोन बनाना...**15-16 अगस्त को जे डब्ल्यू मैरियट में कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिलेगा कि आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक और व्यवस्थित व्यवसायिक प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करके संस्थापक के ज्ञान, अनुभव, निर्णय लेने की प्रक्रिया और कार्यशैली को किस प्रकार व्यवसाय की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया जा सकता है।

निपुण स्याल ने कहा कि इसका उद्देश्य संस्थापक का स्थान लेना नहीं, बल्कि उनकी सोच, अनुभव और विशेषज्ञता को एक ऐसी व्यवस्था में शामिल करना है, जिससे पूरा व्यवसाय अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि आज के तेजी से बदलते कारोबारी दौर में ऐसे व्यवसायिक मॉडल की आवश्यकता बढ़ रही है, जहां कंपनी की सफलता केवल एक व्यक्ति की मौजूदगी और निर्णयों पर निर्भर न हो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से संस्थापक के अनुभव और कार्यशैली को व्यवस्थित करके कारोबार को अधिक सक्षम और विस्तार योग्य बनाया जा सकता है।

कार्यशाला में उद्यमियों को व्यवसाय में बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने, टीम को मजबूत बनाने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक इस्तेमाल के माध्यम से कारोबार को नई दिशा देने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# हाईकोर्ट के एक ताजा फैसले से अम्बाला नगर निगम की हालिया गठित फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी पर पड़ेगा असर

## एडवोकेट ने आज पुनः शहरी निकाय विभाग और नगर निगम कमिश्नर को लिखकर उठाया मामला

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एक हालिया फैसले से अंबाला नगर निगम सदन की गत माह 28 जुलाई को सम्पन्न बैठक में गठित फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (F&CC) अर्थात वित्त एवं संविदा समिति पर असर पड़ सकता है।




पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एवं म्युनिसिपल कानून विशेषज्ञ हेमंत कुमार ने बताया कि गत सप्ताह 7 अगस्त को हाई कोर्ट ने लुधियाना नगर निगम द्वारा कुछ समय पूर्व गठित वित्त एवं संविदा समिति की कानूनी वैधता को चुनौती देने सम्बन्धी दायर एक रिट याचिका का निपटारा करते हुए पंजाब सरकार को कानूनी प्रावधानों के अनुसार अर्थात पंजाब नगर निगम कानून, 1976 की धारा 42(4) के अनुसार लुधियाना नगर निगम की वित्त एवं संविदा समिति का गठन करने का निर्देश दिया है.

हेमंत, जो अम्बाला शहर के सेक्टर 7 (नगर निगम के वार्ड नंबर 12) के ही निवासी है ने बताया कि पड़ोसी पंजाब राज्य में नगर निगमों की वित्त एवं संविदा समिति के जैसे पंजाब नगर निगम कानून, 1976 की धारा 42(4) में उल्लेख है, ठीक वैसा ही प्रावधान हरियाणा में नगर निगमों की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (F&CC) के लिए हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 40 (3) में किया गया है. इस प्रकार बेशक प्रत्यक्ष तौर पर नहीं बल्कि परोक्ष रूप से हाई कोर्ट के ताजा फैसला हरियाणा के नगर निगमों के गठित की जाने वाली वित्त एवं संविदा समिति पर भी पड़ता है।

हेमंत ने बताया कि अम्बाला नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद अभी तक रिक्त हैं और उनका आज तक निर्वाचन लंबित है जबकि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 40(3) अनुसार ये दोनों पदाधिकारी निगम के वित्त एवं संविदा समिति (F&CC) के अनिवार्य सदस्य होते हैं. ऐसे में इनके बिना उक्त समिति का गठन किए जाने पर कानूनी वैधता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। कानून कहता है— समिति में केवल दो निर्वाचित सदस्य ही चुने जा सकते हैं।

# हेडमास्टर हत्याकांड..सरताज ने साथियों संग मिलकर किया था गुरसेवक पर हमला!

मोहाली/यूटर्न/10 अगस्त। कुंभड़ा सरकारी स्कूल के 48 वर्षीय हेडमास्टर गुरसेवक सिंह की हत्या के मामले में पुलिस अब सरताज सिंह के साथियों की पहचान में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही सफेद रंग की फोर्ड फीगो कार सरताज की बताई जा रही है। आरोप है कि इसी कार से सरताज अपने साथियों के साथ सन्नी एन्क्लेव स्थित गुरसेवक सिंह के घर के बाहर पहुंचा था। हमलावरों ने गुरसेवक की छाती, पेट और पीठ पर कुल्हाड़ी व अन्य तेजधार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए थे।

गंभीर रूप से घायल गुरसेवक सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद खरड़ पुलिस ने सरताज सिंह और उसकी पत्नी हरप्रीत कौर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

**सेक्टर-70 में भी हुआ था सरताज से विवाद...**जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि गुरसेवक सिंह का करीब डेढ़ महीने पहले सेक्टर-70 में सरताज के साथ विवाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार उस समय सरताज आई-20 कार से आया था। हालांकि इस विवाद के संबंध में उस समय पुलिस ने कोई शिकायत दर्ज नहीं की थी।

पुलिस के मुताबिक, सरताज और गुरसेवक सिंह के बीच पहले से विवाद चल रहा था। गुरसेवक की पत्नी भी कुंभड़ा सरकारी स्कूल में ही तैनात हैं।

# सावन शिवरात्रि से एक दिन पहले अंतिम चरण में पहुंची कांवड़ यात्रा



अंबाला/यूटर्न/10 अगस्त। सड़कों पर इन दिनों पूरा माहौल शिवमय बना हुआ है। डीजे पर बज रहे महादेव के भजनों और 'बम-बम भोले' के जयकारों के बीच कांवड़िये नाचते-गाते आगे बढ़ रहे हैं। कई कांवड़िये विशालकाय महादेव की प्रतिमाएं और आकर्षक कांवड़ लेकर यात्रा कर रहे हैं। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कांवड़िये जल्द से जल्द अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश में जुटे हैं। कांवड़ियों ने बताया कि वे कई वर्षों से हरिद्वार और गंगोत्री से गंगाजल लेकर अपने शहर जाते हैं। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में जगह-जगह लगाए गए कांवड़ शिविरों में उन्हें भोजन, ठहरने, स्नान और चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। कांवड़ियों ने हरियाणा सरकार और पुलिस की व्यवस्थाओं की भी सराहनीय है। अंबाला में भारी वाहनों को डायवर्ट कर कांवड़ियों के लिए अलग लेन बनाई गई है। इससे उन्हें सुरक्षित यात्रा करने में काफी मदद मिल रही है।

# वृंदावन कश्ती हादसा: जगरांव में नम आंखों से हुआ श्रद्धालुओं को स्मरण

## दिवंगतों की आत्मिक शांति के लिए लगाया गया विशाल लंगर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/अगस्त। वृंदावन में हाल ही में हुए दर्दनाक कश्ती हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की याद में जगरांव में एक श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने हादसे में असमय काल का ग्रास बने दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। आयोजन के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक था, जिससे पूरा समाज स्तब्ध और शोकाकुल है। इस दुख की घड़ी में पूरा शहर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया गया, जिसके उपरांत सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं के लिए लंगर बरता गया। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन को सफल बनाने में निम्नलिखित प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा जिन मे रोहित अरोड़ा चेयरमैन, सुनील बजाज सरपरस्त, विशाल शर्मा प्रधान, नीरज कटारिया, कैशियर नानेश गांधी, पी.आर.ओ, कँवल कक्कड़ सचिव। विशेष सहयोगी एवं सदस्यः शुभम अरोड़ा, नरेश वर्मा, सोनू कटारिया, कृष्ण कटारिया, मदन कटारिया, नरेश कटारिया उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले जगरांव पुलिस सतर्क

## पीजी, होटलों और धर्मशालाओं की सघन चेकिंग, रिकॉर्ड रखना अनिवार्य

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/अगस्त। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए जगरांव पुलिस ने शहर में सुरक्षा अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के पेइंग गेस्ट (पीजी), होटलों, धर्मशालाओं और किराए के मकानों की औचक चेकिंग की जा रही है, ताकि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा सके।

डीएसपी जगरांव जसविंदर सिंह ढींडसा के नेतृत्व में पुलिस बल ने विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान वहां ठहरने वाले और किराए पर रहने वाले व्यक्तियों के पहचान पत्रों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।



**मकान मालिकों और प्रबंधकों को सख्त निर्देश:** चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मकान मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने किराएदारों की पूरी जानकारी और सत्यापन दस्तावेज समय पर संबंधित थाने में जमा करवाएं।

इसके साथ ही, होटलों, पीजी और धर्मशालाओं के प्रबंधकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपने यहां ठहरने वाले हर मेहमान का पूरा और सटीक रिकॉर्ड (रजिस्टर) मेंटेन रखें।

इस अभियान के दौरान डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा के साथ थाना सिटी के एसएचओ परमिंदर सिंह भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय पर्व के मद्देनजर शहर की सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुरक्षा प्रबंधों के तहत यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

# APK फाइल डाउनलोड करवाई, खाते से उड़ाए 99 हजार; साइबर पुलिस ने गाजियाबाद से आरोपी दबोचा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। ऑनलाइन ठगी के मामले में चंडीगढ़ पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने एक आरोपी को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सरवर खान (22) निवासी गांव भामेरा, पोस्ट सिकंदरपुर ककोरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को एक चंडीगढ़ निवासी के एसबीआई खाते से गूगल पे के जरिए 99 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में साइबर क्राइम थाने में एफआईआर नंबर 101, दिनांक 16 जुलाई 2026 दर्ज की गई थी।



शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके एसबीआई खाते से गूगल पे के माध्यम से 99 हजार रुपये की रकम धोखाधड़ी से निकाल ली गई। जांच में सामने आया कि पीड़ित के मोबाइल में एक संदिग्ध अढङ फाइल इंस्टॉल करवाई गई थी, जिसके बाद उसका डिवाइस कथित तौर पर साइबर ठगों के कब्जे में आ गया और खाते से रकम ट्रांसफर कर दी गई। तकनीकी जांच और पैसों के लेन-देन की कड़ी खंगालने पर पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम में से 99 हजार रुपये एक **Airtel Payments Bank** खाते में बार-बार क्रेडिट हुए थे। यह खाता कथित तौर पर सरवर खान से जुड़ा था।

# जालंधर के होटल में लुधियाना की युवती की शकी हालातों में मिली लाश, रात को युवक के साथ बैठकर पी बीयर

जालंधर/यूटर्न/10 अगस्त। जालंधर के रॉयल गेस्ट हाउस होटल में लुधियाना की युवती की लाश मिली है। वह पिछले 2 दिन से होटल में रुकी थी। सोमवार सुबह होटल कर्मी उसे चाय देने गए तो उसने गेट नहीं खोला। जिसके बाद पुलिस बुलाई गई और होटल के कमरे का दरवाजा खोला गया। जिसके बाद युवती अंदर मरी हुई मिली। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं और खून भी बिखरा हुआ था। अंदर एक लाल रंग का सूटकेस भी पड़ा हुआ था। थाना डिवीजन नंबर 3 की पुलिस ने युवती का सारा सामान जब्त कर लिया और डेडबॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। उससे मिले डॉक्यूमेंट्स के आधार पर परिवार से संपर्क किया गया है। हालांकि अभी कोई रिश्तेदार यहां नहीं पहुंचा है। पुलिस जांच में पता चला कि सुबह ही एक युवक रात उसके कमरे में रहा। उसने रात बीयर की बोतलें भी मंगाई थीं। सुबह वह वहां से निकल गया। फिलहाल पुलिस जांच की बात कह रही है।



### आधार कार्ड देकर लिया था कमरा

पुलिस के मुताबिक युवती 8 अगस्त की शाम करीब 5 बजे होटल पहुंची थी। उसने दो दिन के लिए रूम लिया था। उसने स्टाफ को अपना आधार कार्ड दिया था। वह दिनभर कमरे में ही रहती थी। युवती से मिलने के लिए विशु उर्फ चिंटू नाम का युवक आता रहता था। युवक 8 अगस्त की रात युवती के कमरे में रुका था। वह 9 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे वहां से निकला। इसके बाद युवक 9 अगस्त की दोपहर भी होटल आया था और कुछ समय युवती के कमरे में रुका।

# फिटनेस और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में अभिनेत्री त्रिश्ना

अभिनेत्री त्रिश्ना अपने स्टाइलिश लुक और फिटनेस को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ब्लैक आउटफिट में सामने आई उनकी नई तस्वीर ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। तस्वीर में त्रिश्ना का कॉन्फिडेंट अंदाज और फिट बॉडी साफ नजर आ रही है। उनका सिंपल मेकअप और एलिगेंट स्टाइल पूरे लुक को खास बना रहा है। फिटनेस के प्रति उनकी मेहनत उनके व्यक्तित्व में भी दिखाई देती है। ग्लैमर और फिटनेस के इस कॉम्बिनेशन को लेकर उनका यह लुक चर्चा का विषय बना हुआ है।



# पंजाब में कर्मचारी 11 अगस्त को गेट रैलियां करेंगे, दो दिन बाद वित्त मंत्री के पुतले फूंकने का ऐलान

मलेरकोटला/यूटर्न/10 अगस्त। पंजाब स्टेट मिनिस्ट्रियल सर्विसेज यूनियन (पीएसएमएसयू) की एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय ऑनलाइन बैठक प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह विर्क और प्रदेश महासचिव तरसेम सिंह भट्ठल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 5-6 अगस्त की पेन-डाउन हड़ताल और 7 अगस्त को चंडीगढ़ में हुई महा-रैली की समीक्षा करते हुए सफलता पर संतोष जताया गया। हालांकि, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा महा-रैली में शामिल कर्मचारियों को कथित रूप से 'एंटी-स्टेट' (राज्य-विरोधी) कहे जाने पर यूनियन ने सख्त रुख अपनाते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया है। यूनियन ने सरकार के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने के लिए कई चरणों में कार्यक्रम का प्रस्ताव बनाया




### विरोध प्रदर्शन का आगामी शेड्यूल

विरोध प्रदर्शन का आगामी शेड्यूल जारी किया गया है। जिसमें 11 अगस्त को देशभक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर गेट रैलियां होंगी। वहीं यदि 12 अगस्त तक वित्त मंत्री अपने बयान पर कार्रवाई नहीं करते, तो 13 अगस्त को पंजाब भर में जिला स्तर पर प्रदर्शन कर हरपाल सिंह चीमा के पुतले फूंके जाएंगे। इसके साथ ही 17 और 18 अगस्त को मांगे न माने जाने पर दो दिवसीय राज्यव्यापी पेन-डाउन व कंप्यूटर बंद हड़ताल की जाएगी, जिससे दफ्तरी कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा।

# जन सुनवाई में 3 माह में पहुंचीं 223 शिकायतें, 98 का हुआ निपटारा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। नागरिकों की समस्याओं का उनके द्वार पर ही समाधान सुनिश्चित करने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को जन सुनवाई आयोजित की जा रही है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव, आईएएस, इन जन सुनवाइयों में आम लोगों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनते हैं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हैं।



प्रशासन के अनुसार, 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक आयोजित जन सुनवाइयों में कुल 223 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 98 शिकायतों का मौके पर या निर्धारित समय-सीमा के भीतर निवारण किया गया, जबकि 125 शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित होने के कारण संबंधित विभागों और एजेंसियों को कार्रवाई के लिए भेजी गई। जन सुनवाई में मुख्य रूप से संपत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीकरण, विभिन्न प्रमाण पत्र जारी करने, शस्त्र लाइसेंस तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़ी शिकायतें पहुंच रही हैं। उपायुक्त कार्यालय की शिकायत एवं जांच शाखा द्वारा शिकायतों पर हुई कार्रवाई की लगातार निगरानी और फॉलोअप किया जा रहा है, ताकि कोई शिकायत लंबित न रहे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जन सुनवाई प्रशासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से और समयबद्ध तरीके से निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने चंडीगढ़वासियों से संपत्ति, प्रमाण पत्र और अन्य प्रशासनिक मामलों से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जन सुनवाई की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

# डड्डूमाजरा में आरडब्लूए चुनाव में दिनेश गुप्ता की बड़ी जीत, 700 वोटों से दीपू को हराया

## चुनाव परिणाम के बाद समर्थकों में दिखा उत्साह, वाल्मीकि मंदिर और गुगा माड़ी में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। डड्डूमाजरा में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में दिनेश गुप्ता ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी दीपू को करीब 700 वोटों के बड़े अंतर से हरा दिया। चुनाव को लेकर स्थानीय निवासियों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शाम को मतगणना की गई और परिणाम घोषित होते ही दिनेश गुप्ता के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आरडब्लूए चुनाव में इस बार मुख्य मुकाबला दिनेश गुप्ता और दीपू के बीच था। दोनों प्रत्याशियों की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान डड्डूमाजरा की स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। क्षेत्र में साफ-सफाई, सीवरेज, सड़कों, स्ट्रीट लाइट, पानी, पार्कों की व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर मतदाताओं के सामने अपने-अपने एजेंडे रखे गए।

### स्थानीय मुद्दों पर रहेगी नजर

आरडब्लूए चुनाव के परिणाम के बाद अब डड्डूमाजरा के लोगों की नजर इस बात पर रहेगी कि नवनियुक्त प्रधान दिनेश गुप्ता क्षेत्र की समस्याओं को किस तरह नगर निगम और प्रशासन के सामने उठाते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान जिन मुद्दों को लेकर लोगों से वायदे किए गए, उनके समाधान की दिशा में अब नए प्रधान से कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।



### जीत के बाद मंदिरों में टेका माथा

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनियुक्त आरडब्लूए प्रधान दिनेश गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ सबसे पहले वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर माथा टेका और जीत के लिए आशीर्वाद लिया। इसके बाद समर्थकों के साथ डड्डूमाजरा स्थित गुगा माड़ी में भी पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने दिनेश गुप्ता को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

### राजेश कालिया और विकास कुमार ने दी बधाई

दिनेश गुप्ता की जीत पर पूर्व मेयर राजेश कालिया और वाल्मीकि शोभायात्रा चंडीगढ़ के चेयरमैन विकास कुमार ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले स्थानीय निवासियों के साथ जो वायदे किए गए हैं, उन्हें पूरा करवाने के लिए पूरी गंभीरता से काम किया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिनेश गुप्ता आरडब्लूए के प्रधान के रूप में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभागों के साथ तालमेल स्थापित करेंगे।

राजेश कालिया बोले- मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था

पूर्व मेयर राजेश कालिया ने चुनाव परिणाम को राजनीतिक नजरिए से भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि डड्डूमाजरा आरडब्लूए चुनाव में मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था और इस चुनाव में भाजपा की जीत हुई है।

राजेश कालिया ने कहा कि आरडब्लूए चुनाव में मिली यह जीत आने वाले समय में होने वाले नगर निगम चुनाव के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि आगामी नगर निगम चुनाव में भी भाजपा का प्रत्याशी डड्डूमाजरा से जीत दर्ज करेगा और क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा।

### वायदे पूरे करने की उम्मीद

दिनेश गुप्ता की जीत के बाद समर्थकों और स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई कि चुनाव के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को लेकर किए गए वायदों को अब प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। आरडब्लूए के नए प्रधान के सामने डड्डूमाजरा की मूलभूत समस्याओं को संबंधित विभागों और नगर निगम के समक्ष उठाकर उनका समाधान करवाने की चुनौती होगी।

# होटल ताज में बम की सूचना से मचा हड़कंप, पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



चंडीगढ़/यूटर्न/10 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने सोमवार को सेक्टर-17 स्थित होटल ताज में सुरक्षा व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल की। ऑपरेशंस सेल की ओर से आयोजित इस अभ्यास में बम की सूचना मिलने से लेकर संदिग्ध विस्फोटक को तलाशने, इलाके को खाली कराने और उसे सुरक्षित तरीके से निस्तारित करने तक की पूरी प्रक्रिया को दोहराया गया। मॉक ड्रिल एसपी/ऑपरेशंस गीता अंजलि खंडेलवाल, आईपीएस के दिशा-निर्देशन और डीएसपी/ऑपरेशंस रणजोध सिंह की निगरानी में हुई। अभ्यास के दौरान होटल के बैंक्वेट हॉल के पास एक संदिग्ध विस्फोटक उपकरण रखे होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही ऑपरेशंस सेल के कमांडोज ने आसपास के क्षेत्र को घेरकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस की ल्क्ळ टीम, बम डिटेक्शन स्क्वायड और डॉग स्क्वायड ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान बैंक्वेट हॉल के पास लेटर बॉक्स के नजदीक एक डमी आईईडी बरामद की गई। इसके बाद पूरे इलाके की गहन तलाशी लेकर यह सुनिश्चित किया गया कि वहां कोई अन्य संदिग्ध वस्तु मौजूद न हो। मॉक ड्रिल में क्यूआरटी, पीसीआर, डायल-112, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, मोबाइल फोरेंसिक टीम, डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल, क्राइम ब्रांच, थाना सेक्टर-17 पुलिस, एसडीपीओ सेंट्रल सहित जीएमएसएच-16 और पुलिस अस्पताल सेक्टर-26 की एंबुलेंस सेवाओं ने हिस्सा लिया। सभी एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई की।

# टीडीआई में महिला की कान की बालियां झपटीं, मोटरसाइकिल सवार फरार

मोहाली/यूटर्न/10 अगस्त। बलौंगी के साथ लगते टीडीआई इलाके में सोमवार सुबह पति के साथ सैर कर रही एक महिला से मोटरसाइकिल सवार युवक कान की बालियां झपटकर फरार हो गया। वारदात के दौरान महिला ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उसे लात मारकर गिरा दिया और मोटरसाइकिल पर फरार हो गया। महिला के अनुसार उसकी बालियों की कीमत करीब 70 से 80 हजार रुपये थी। पीड़िता ने मामले की शिकायत बलौंगी थाने में दी है। पीड़िता ने बताया कि वह सोमवार सुबह अपने पति के साथ सैर कर रही थी। उसके पति उससे कुछ आगे चल रहे थे। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे मोटरसाइकिल सवार एक युवक उनके पास आया और अचानक उसके कानों से बालियां झपट लीं। वारदात के बाद महिला ने आरोपी का कॉलर पकड़ने का प्रयास किया। आसपास मौजूद कुछ लोगों ने भी आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। महिला के अनुसार, खुद को लोगों से घिरता देख आरोपी ने उसे लात मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई। इसके बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। महिला ने बताया कि आरोपी वारदात से पहले इलाके में मोटरसाइकिल पर चक्कर लगा रहा था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही है। हालांकि, अभी तक आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है। पीड़िता ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी की पहचान करने, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और झपटी गई बालियां बरामद करवाने की मांग की है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372